संख्या-12/2016/2790/71-1-2015-जी-475/2012

प्रेषक,

संजय कुमार उपाध्याय,
संयुक्त सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 02 फरवरी, 2016

विषयः- वित्तीय वर्ष 2015-16 में मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में कैंसर अस्पताल के निर्माण कार्य हेतु धनराशि स्वीकृत किए जाने के संबंध में।

महोदय,

मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में कैंसर अस्पताल के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या-639/71-1-2013-जी-475/2012, दिनॉक 30-03-2013 द्वारा व्यय वित्त समिति द्वारा आकलित लागत रू0 61,31,85,000/- (रू0 इकसठ करोड़ इकतीस लाख पच्चासी हजार मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति तथा रू0 50,00,000/- (रू0 पचास लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश संख्या-1336/71-1-13-जी-475/2012, दिनॉक 07-06-2013 द्वारा रू0 1000.00 लाख, शासनादेश संख्या-703/71-1-2014-जी-475/2012, दिनॉक 25-03-2014 द्वारा रू0 500.00, शासनादेश संख्या-2289/71-1-2014-जी-475/2012, दिनॉक 12-08-2014 द्वारा रू0 2666.57, शासनादेश संख्या-54/2824/71-1-2014-जी-475/2012, दिनॉक 02-12-2014 द्वारा रू0 971.81 लाख तथा शासनादेश संख्या-109/2015/911/71-1-2015-जी-475/2012, दिनॉक 07-05-2015 द्वारा रू0 943.47 लाख कुल रू0 6131.85 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है।

2- आपके पत्र संख्या-एमई/बजट/2015/450, दिनॉक 02-03-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में कैंसर अस्पताल के निर्माण कार्य हेतु व्यय वित्त समिति द्वारा पुनः पुनरीक्षित लागत रू0 1,63,31,44,000/- (रू0 एक अरब तिरसठ करोड़ इकतीस लाख चौवालीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय इस शर्त के अधीन सहर्ष प्रदान करते है कि वित्त (बजट)-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 30-03-2015 में उल्लिखित शर्तो एवं व्यय वित्त समिति के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3- उक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-31 के अधीन लेखाशीर्षक "4210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-03-चिकित्सा, शिक्षा, प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-62-मेडिकल कालेज, कन्नौज परिसर में कैंसर अस्पताल की स्थापना-24-वृहद निर्माण कार्य" के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-136/दस-2016, दिनॉक 01 फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय

(संजय कुमार उपाध्याय)
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-12/2016/2790(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कन्नौज।
4- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज कन्नौज।
5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज।
6- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, गोमती नगर, लखनऊ।
7- नियोजन अनुभाग-4
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।